हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार, 24 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

11 चिकटराज मेला में शामिल हुए दूरदराज के देवी-देवता


11 प्रकृति को समर्पित सरहुल पर्व की तैयारी जोरों पर




## खबर संक्षेप

### छात्रवृति परीक्षा में खेमराज का हुआ चयन

**कोरर।** राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृति परीक्षा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोंगरकट्टा के छात्र खेमराज गोटा का चयन हुआ। योजना के तहत चार वर्ष तक एक हजार रुपए प्रतिमाह की छात्रवृति मिलती है। इस सफलता पर संस्था की प्रधान अध्यापिका मालती कुंजाम, संकुल समन्वयक नरेन्द्र पाल, समरथ, जी.एन.सलामे, डी.आर.केमरो, विकास साहू,प्राथमिक शाला प्रधान अध्यापक अरुण कोमरे ने छात्र को पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर स्वागत किया एवं छात्र के उज्वल भविष्य की कामना की।

### नारी शक्ति विजय संकल्प रैली आज

**चारामा।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से नारी शक्ति विजय संकल्प रैली 24 अप्रैल को सुबह 10 बजे मंडी प्रांगण चारामा में रखी गई है। जिसमें चारामा मंडल के समस्त पदाधिकारी व मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रमुख, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षद तथा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति आपेक्षित है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय करप में प्रेरणा उत्सव

**कांकेर।** समग्र शिक्षा अंतर्गत जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय करप में कलेक्टर एवं मिशन संचालक अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल के मार्गदर्शन में किया गया। प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम के तहत जिले के समस्त हाई एवं हायर सेकेंडरी शालाओं से चयनित एक-एक छात्र-छात्राओं के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम के तहत जिले के कक्षा 9वी से 12वीं तक के विद्यालय स्तर से चयनित प्रत्येक शासकीय, अर्धशासकीय, अशासकीय, केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए विकसित भारत 2047 पर आधारित पेन्टिंग, निबंध लेखन, गीत, नृत्य, कविता इत्यादि पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित 15 छात्र और 15 छात्राओं को प्रेरणा कार्यक्रम के तहत गुजरात भ्रमण कराया जाएगा। जिसके लिए जिले से चयनित सभी 30 छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार भी लिया गया।

### शाउमावि धनेलीकन्हार का परीक्षा परिणाम घोषित

**धनेलीकन्हार।** शाउमावि धनेलीकन्हार का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जानकारी के अनुसार विद्यालय की स्थानीय कक्षाएं छठवीं, सातवीं, आठवीं और ग्यारहवीं कक्षा के परिक्षा परिणाम प्राचार्य ममता गोस्वामी के निर्देशन में स्थानीय परीक्षा प्रभारी शर्मिला भट्ट के द्वारा जानकी नेताम की अध्यक्षता में घोषित किया गया। इस सत्र कक्षा छठवीं में प्रथम विशाल यादव 62 प्रतिशत, द्वितीय कन्हैया उपेंद्र 58 प्रतिशत, तृतीय नरेंद्र ठाकुर 57 प्रतिशत। सातवीं में प्रथम शिवम साहू 72 प्रतिशत, द्वितीय झलक जैन 59 प्रतिशत, तृतीय वंदना नायक 58 प्रतिशत। आठवी प्रथम विद्या यादव 67 प्रतिशत, द्वितीय संतोषी कोमरा 66 प्रतिशत, तृतीय मोनिका कांगे 65 प्रतिशत। नौंवी में प्रथम निलेश कमर 78 प्रतिशत, द्वितीय सोनाली गजीर 72 प्रतिशत, तृतीय गायत्री साहू 72 प्रतिशत। ग्यारहवीं आर्ट में प्रथम लक्ष्मी साहू 67 प्रतिशत, द्वितीय हेमिन साहू 66 प्रतिशत, तृतीय तारकेश्वर सिन्हा 64 प्रतिशत। कक्षा ग्यारहवीं साइंस में प्रथम तामेश्वर सलाम 86 प्रतिशत, द्वितीय रेशमा साहू 81 प्रतिशत, तृतीय मोनिका निषाद 80 प्रतिशत। कक्षा ग्यारहवीं कॉमर्स में प्रथम विक्रम निषाद 86 प्रतिशत, द्वितीय विकास साहू 64 प्रतिशत, तृतीय निहारिका हिचमी 63 प्रतिशत प्राप्त किए।

# ईसाई धर्म के व्यक्ति की मौत के बाद लाश हिंदू श्मशान में दफनाया, बवाल

## रात में ग्रामीण की मौत, सुबह शव दफनाने के बाद शुरू हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

परपा थाना क्षेत्र के राजूर में ईसाई धर्म में शामिल ग्रामीण की मौत के बाद शव दफनाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद की खबर के बाद भारी संख्या में पुलिस फोर्स के अलावा राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। सुबह से लेकर शाम तक विवाद जारी रहा जिसके बाद ईसाई धर्म में शामिल परिवार के हिन्दू धर्म में घर वापसी के बाद विवाद का पटाक्षेप हो सका। हालांकि विवाद के बाद अभी भी इलाके में फोर्स की तैनाती कर पेट्रोलिंग पार्टी गश्त कर रही है।

जानकारी के मुताबिक तोकापाल ब्लॉक के ग्राम कोयपाल में आज सुबह करीब 6 बजे ईसाई धर्मांतरित एक व्यक्ति का शव हिंदू श्मशान मे दफनाया दिया गया। चूकिं मृतक ईसाई धर्म को मानता था, जब इसकी खबर ग्रामीणों को लगी तो दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। विवाद की सूचना पर राजस्व व पुलिस विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। दरअसल कोयपाल व राजूर पंचायत की सीमा से लगे राजूर निवासी सोमारू 55 वर्षीय की मृत्यु सोमवार रात लगभग 8 बजे हो गई थी। मृतक लगभग 5 वर्ष से लकवा से पीड़ति था इसी दौरान उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक का परिवार पिछले कुछ वर्ष से ईसाई धर्म को मानता था। बावजूद उसके शव को परिजनों ने मंगलवार सुबह 6 बजे ग्रामीणों की जानकारी के बगैर कोयपाल में हिंदू मरघट में दफना दिया। ग्रामीणों जब जानकारी मिली तो दोनो पक्षों में ▸▸ शेष पेज 10 पर

### शव दफनाने को लेकर दर्जनों गांवों में विवाद

शव दफनाने को लेकर परपा, दरभा, कोड़ेनार आदि इलाकों में विवाद होता ही रहता है। इसके पीछे मूल कारण यह रहता है कि मृतक ईसाई धर्म को मानते है और जब मौत होती है तो ग्रामीणों द्वारा हिन्दू श्मशान में शव दफनाने को लेकर विवाद शुरू हो जाता है। इसके बाद या तो शव को ईसाई कब्रिस्तान में दफनाया जाता है या फिर मृतक के परिजनों की घर वापसी कर हिन्दू धर्म में शामिल कर लिया जाता है।



### एहतियातन फोर्स की तैनाती

राजूर में पिछले लगभग 12 घंटे से चल रहे विवाद समाप्त हो गया है। मृतक के परिजन घर वापसी के लिए सहमत हो गए है। बावजूद राजूर व कोयपाल इलाके में पुन: विवाद की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा गश्त की जा रही है और गांव में फोर्स भी तैनात किया गया है।

**दिलबाग सिंह**
थाना प्रभारी, परपा

## विडंबना: जलकुंभी हटाने और गंदगी साफ करने सरकारें बदलती रही योजनाएं

# करोड़ों खर्च के बाद भी दलपत सागर का नहीं हो रहा उद्धार

सुरेश रावल ▸▸ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य बने दो दशक से अधिक समय हो चुका है वहीं अविभाजित मध्यप्रदेश के समय जब नगर पालिका परिषद था तब से दलपत सागर की दशा सुधारने की पहल चल रही है। 30 साल से अधिक समय हो चुका है करोड़ों रुपए के वल जलकुंभी हटाने और दलपत सागर को साफ सुथरा बनाने के लिए खर्च हो चुका है, लेकिन आज की स्थिति में रियासतकालीन दलपत सागर की दशा जस की तस है। सरकारें बदलती रहीं योजनाएं बनती ▸▸ शेष पेज 10 पर

- 0 नगर सत्ता में आने के बाद भी भाजपा-कांग्रेस ने नहीं किया समस्या का निदान
- 0 महापौर के बाद अब विधायक बने किरण देव से भाजपा पार्षद करेंगे चर्चा



### प्रोजेक्ट बनाकर मुख्यमंत्री से करेंगे चर्चा



1994 से चुनाव जीतते आ रहे वरिष्ठ पार्षद योगेन्द्र पांडे दलपत सागर की वर्तमान स्थिति से खुश नहीं है। उनका कहना है जल निकाल कर गहरीकरण के बाद ही सही तरीके से दलपत सागर का उद्धार हो सकता है। जलकुंभी के अलावा नीचे जम चुके कीचड़ के सिल्ड से दिक्कत है। पानी के स्थिर होने से जलकुंभी हटाने जो भी प्रयास किया जाता है उसका सही परिणाम नहीं आ ▸▸ शेष पेज 10 पर

### कोटपाड़ तालाब की तरह पूरा सुखाना पड़ेगा



नगर निगम अध्यक्ष कविता साहू ने कहा कि ओड़िशा सीमा पर स्थित कोटपाड़ में बहुत पुराना तालाब गंदगी से हमेशा भरा रहता था। लेकिन अब वहां पूरा जल सुखाकर तालाब का गहरीकरण का काम हो रहा है। हाल ही में मैंने देखा वैसा ही प्रयास दलपत सागर में करना पड़ेगा। उन्होंने साफ कहा कि शुरू से ही मेरा जलकुंभी हटाने चल रहे कार्य पर विरोध रहा है। क्योंकि वाहन से और कुछ गोले फेंक ▸▸ शेष पेज 10 पर

### पैसा की बर्बादी हो रही है



नगर निगम में सफाई समिति के सभापति विक्रम सिंह डांगी ने कहा कि जलकुंभी हटाने के लिए जो काम हो रहा है वह केवल पैसे की बर्बादी है। अभी तक किसी भी अधिकारी ने और बड़े नेताओं ने शहर की इस एतिहासिक धरोहर दलपत सागर को पूर्णरूप से स्वच्छ, सुंदर बनाने कोई प्रयास नहीं किया। पैसा और श्रम की बर्बादी ही यहां दिखाई पड़ता है।

### गंदा पानी जा रहा नदी में



दलपत सागर के समीप के अटल बिहारी बाजपेई वार्ड के पार्षद अतुल कौशल ने कहा कि बड़े नाले से गंदा पानी इंद्रावती में जाकर मिल रहा है। गर्मी में तो ज्यादा परेशानी नहीं लेकिन बारिश में अधिक दिक्कत होती है। उन्होंने चुनाव निपटने के बाद विधायक किरण देव से स्थायी हल के लिए चर्चा करने की बात कही। वे महापौर रह चुके हैं इसलिए दलपत सागर के बारे में उन्हें पूरी जानकारी है।

### 75-80 लाख के वाहन का औचित्य नहीं



पूर्व महापौर जतीन जायसवाल ने कहा कि जब तक गंदा पानी दलपत सागर में जाता रहेगा तब तक जलकुंभी रहेगी। इसे पूरी तरह से तभी खत्म कर सकते हैं जब गंदा पानी को डायवर्ट कर दलपत सागर में जाने से रोका जाए। महापौर सफीरा साहू के समय 75-80 लाख की लागत से ▸▸ शेष पेज 10 पर

# मतदान को लेकर हुई व्यापक समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने लोकसभा आम निर्वाचन के तहत मतदान कार्य का सफलतापूर्वक संचालन एवं सम्पादन करने पर समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कहा कि पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, डीएफओ रंगानाथा रामाकृष्णा वाय, उप निर्देशक इन्द्रावती टाईगर रिजर्व संदीप बल्गा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी जागेश्वर कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल के संयुक्त प्रयास से निर्वाचन के सभी चरणों में बेहतर प्रबंधन एवं सुनियोजित ढंग से कार्य योजना बनाकर सफलतापूर्वक निर्वाचन का कार्य सम्पन्न हुआ। स्वीप के नोडल अधिकारी के तौर पर सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता अभियान सफल रहा, आदर्श मतदान केन्द्रों का निर्माण इन्द्रावती टाईगर रिजर्व द्वारा ईको फ्रेंडली मतदान केन्द्र की प्रशंसा राज्य स्तर पर निर्वाचन आयोग द्वारा की गई सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए बैठने की व्यवस्था, ▸▸ शेष पेज 10 पर

- मतदान से जुड़े समस्त अधिकारी-कर्मचारी को बेहतर प्रदर्शन करने एवं सफलतापूर्वक मतदान संपादित करने कलेक्टर ने दी बधाई

# बीमा कंपनी देगी 13 लाख की क्षतिपूर्ति और भरेगी 10 हजार का जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा मंगलवार को एक प्रकरण में इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को आवेदक को 13 लाख की क्षतिपूर्ति और 10 हजार का जुर्माना अदा किए जाने का आदेश पारित किया है। जगदलपुर निवासी धीरज बाफना ने अपनी वाहन मित्सुबिसी का बीमा इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी से करवाया था। आवेदक की उक्त वाहन आगजनी के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी। आवेदक द्वारा बीमा कंपनी के समक्ष क्षति दावा आवेदन प्रस्तुत किये जाने पर बीमा कंपनी द्वारा क्षति दावा निरस्त कर दिया गया था। जिससे क्षुब्ध होकर आवेदक के द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि बीमा पॉलिसी, प्रतिपूर्ति या ▸▸ शेष पेज 10 पर

# स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, दलों की रवानगी की ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लेने निकले बस्तर कमिश्नर श्याम धावड़े और आईजी सुंदरराज पी. ने अपने एक दिवसीय निरीक्षण प्रवास के दौरान लोकसभा क्षेत्र कांकेर के स्ट्रांग रूम शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने अंतागढ़, कांकेर और भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान सामग्री के वितरण व्यवस्था की जानकारी देते हुए स्ट्रांग रूम की अन्य व्यवस्थाओं, सुरक्षा, मतगणना स्थल, दलों की रवानगी, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था से भी अवगत करवाया। कमिश्नर धावड़े ने गर्मी को देखते मतदान सामग्री की वितरण व्यवस्था में मतदान कर्मियों की सुविधाओं ▸▸ शेष पेज 10 पर

- कमिश्नर व आईजी ने किया निरीक्षण

## हनुमान जन्मोत्सव...



**जगदलपुर।** हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर कुम्हारपारा स्थित अंजनेश्वर पंचमुखी हनुमान मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई। मंदिर के पुजारी ने विधि विधान के साथ हनुमान की पूजा की। दोपहर में भंडारा का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भोग प्रसाद ग्रहण किया।

## शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न होने की सराहना की

# विभागीय कामकाज के सम्पादन में जुटकर लाएं प्रगति : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत सफलतापूर्वक मतदान सम्पन्न करवाने के लिए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को बेहतर ढंग से दायित्व निर्वहन की बधाई देते हुए कहा कि निर्वाचन सम्बन्धी जो जिम्मेदारी दी गई उसे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने पूरी तन्मयता से टीम भावना के साथ किया। मतदान दायित्व को महिला अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा बेहतर तरीके से किया गया। महिला अधिकारियों ने सेक्टर अधिकारी और नोडल अधिकारी के दायित्व को भी बखूबी निभाया। जिले में शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्ष एवं निर्विघ्न मतदान सम्पादित करने की चुनौती को स्वीकार कर अच्छी प्लानिंग और टीम भावना के साथ सभी के समन्वित प्रयासों से कार्य किया गया, जिसका उत्साहजनक नतीजा हमारे सामने है। उन्होंने मतदान हेतु प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहभागिता निभाने के लिए सभी को बधाई देते हुए आगामी मतगणना कार्य हेतु विगत 5 वर्ष में नियुक्त नवीन अधिकारी-कर्मचारियों को जिम्मेदारी देने के लिए आगामी एक सप्ताह के भीतर ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों की सूची प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन के तहत मतदान में महिला कर्मचारियों के दायित्व ▸▸ शेष पेज 10 पर

- समयसीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश



### स्वास्थ्य केंद्रों के संचालन पर जोर

कलेक्टर ने महारानी अस्पताल सहित अर्बन पीएचसी तथा सभी सीएचसी एवं पीएचसी के सुचारू संचालन सहित स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर सुलभता पर जोर देते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने कहा।

### गर्मी में पेयजल व्यवस्था सुचारू हो

वनाधिकार पट्टेधारी हितग्राहियों का परीक्षण कर किसी हितग्राही की मृत्यु होने की स्थिति में सम्बंधित के वारिस के नाम पट्टे जारी करने की कार्रवाई, वनाधिकार पट्टे के आधार पर नक्शा कटवाने सहित मनरेगा पोर्टल में प्रत्येक पट्टे का एंट्री करने सहित वनाधिकार पट्टेधारियों को 100 दिवस का रोजगार सुलभ करवाने, ग्रीष्मकाल में पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु हैंडपंप, सोलर ड्यूल पम्पों के संधारण तथा जल प्रदाय योजनाओं के सुचारू संचालन इत्यादि के लिए व्यापक पहल किये जाने के निर्देश दिए गए।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

**खबर संक्षेप**

### आज सरगी में संगी जहुरिया की प्रस्तुति

**मगरलोड।** ग्राम सरगी में जातरा मेला का आयोजन 21 से 23 अप्रैल तक किया गया है। 21 अप्रैल को रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए रंगधारा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ओनवा धुरा की प्रस्तुति हुई। आज 23 अप्रैल को रात्रि में संगी जहुरिया छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी सुखरी डबरी जिला महासमुंद की प्रस्तुति होगी।

### मतदान सभी का मौलिक और संवैधानिक अधिकार : प्रीतम

**धमतरी।** भाजपा महामंत्री प्रीतम साहू ने देश के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्र हित, विकसित भारत, भारत को विश्व गुरु बनाने, भारत को विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए मतदान अवश्य करें। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के महापर्व में सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर ही रखी जाती है। मतदान सभी का मौलिक और संवैधानिक अधिकार है। एक अच्छे समाज और राष्ट्र की स्थापना के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें।

### मेनोनाइट स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**धमतरी।** मेनोनाइट उमावि में प्राचार्य एच.चौधरी ने कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया। कक्षा 11वीं का परीक्षा परिणाम 91.66 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 61.62 प्रतिशत रहा। कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्राचार्य ने अपने संबोधन में सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए अपने कर्म पथ पर चलते रहने की प्रेरणा दी।

### हनुमंत बैंक का उद्घाटन आज

**धमतरी।** शिव चौक के ब्रम्ह चबूतरा स्थित पंचमुखी हनुमंत धाम हनुमान मंदिर में बाल हनुमान समिति के बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ आज 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर पूर्ण हो जाएगा। इस शुभ दिवस पर समिति द्वारा हनुमंत बैंक खोला जा रहा है। इस बैंक में रुपये पैसे या दान जमा नहीं होंगे। केवल राम नाम जमा किया जाएगा। समिति के संजू नागवानी, मयंक यादव ने बताया कि बैंक का शुभारंभ सुबह 10 बजे समिति की सबसे कम आयु की सदस्य अन्वी मिश्रा ढाई वर्ष, अनन्या यादव तीन वर्ष एवं अहान बख्तानी चार वर्ष फीता काटकर करेंगे। एक साल की अवधि में अगले हनुमान जन्मोत्सव तक 51 लाख राम नाम बैंक में जमा करवाने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य पूरा होने के बाद समिति के सदस्य अयोध्या के प्रभु श्रीराम मंदिर में 51 लाख राम नाम अर्पित करेंगे।

### सेजेस में एडमिशन पाने मची होड़

**धमतरी।** स्वामी आत्मानंद स्कूल में एडमिशन के लिए होड़ मची हुई है। गोकुलपुर, बठेना दोनों ही स्कूल में सैकड़ों आवेदन आ चुके हैं। पहली कक्षा में एडमिशन के लिए सबसे ज्यादा आवेदन मिले हैं। 15 मई तक लॉटरी निकालकर बच्चों को एडमिशन दिया जाना है। जिले में 12 स्वामी आत्मानंद स्कूल (सेजेस) चल रहे हैं। इसमें से 10 इंग्लिश मीडियम है। कुरूद, आमदी और नगरी में इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित हैं।

**धर्म-कर्म:** भव्य भण्डारे में सैकडों लोगों ने पाया प्रसाद

# हनुमान जन्मोत्सव पर झांकी के साथ निकाली गई रैली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगॉव

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 23 अप्रैल को फरसगांव और बड़ेडोंगर में धूमधाम के साथ हनुमान जयंती मनाई गई । नगर के हनुमान मंदिर में सुबह हवन पूजा, महाआरती के बाद रामायण पाठ किया गया। पूजा के बाद दोपहर को मन्दिर के सामने भव्य रूप से भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों,राहगीर को, बस यात्रियों को प्रसाद के रूप में खिचड़ी बांटी गई । इस दौरान सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण करने के साथ जय श्री राम के नारे लगाते नजर आए। बड़ेडोंगर में भी भंडारे का आयोजन कर राहगीरों को फल और शर्बत का वितरण किया गया।

#### झांकी के साथ निकाली गई बाइक रैली

शाम को 6 बजे नगर और क्षेत्र के युवाओं और भक्तों ने हनुमान की झांकी के साथ बाइक रैली निकाली। डीजे की धुन के साथ जय श्री राम, जय बजरंग बली के नारों के साथ हनुमानजी की झांकी निकाली गई। युवाओं ने बाइक रैली निकाली। यह रैली हनुमान मंदिर से प्रारंभ कर मुख्यमार्ग से होते हुए पूरे नगर में भ्रमण किया गया। जिसमें नगर के युवा, महिला, पुरुष, बच्चे और सभी जन बड़ी संख्या में झांकी में शामिल हुए । इस दौरान पूरा नगर भगवामय हो गया।

## कमिश्नर व आईजी ने कांकेर लोकसभा के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**फरसगांव/जगदलपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत द्वितीय चरण में लोकसभा कांकेर क्षेत्र के विधानसभा केशकाल के अंतर्गत मतदान केंद्र 85 धनोरा, अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के आमाबेड़ा, उसेली, गुमझीर और कांकेर विधानसभा क्षेत्र के मलांजकुडुम मतदान केंद्रों का निरीक्षण बस्तर कमिश्नर श्याम धावड़े और आईजी सुंदरराज पी. ने मंगलवार को किया। उन्होंने मतदान केंद्रों में मतदाताओं की संख्या और उनकी सुविधाओं का भी संज्ञान लेकर गर्मी को देखते हुए छाया, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कमिश्नर ने मतदान के लिए बुजुर्ग, महिलाओं और गर्भवती, छोटे बच्चों वाली महिलाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने मतदान के दिन आपातकालीन चिकित्सा सुविधा व्यवस्था के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की तैयारियों का भी जायजा लिया। अस्पताल में दवाइयों की उपलब्धता, बैड की उपलब्धता, एक्सरे की व्यवस्था, संसाधनयुक्त एंबुलेस की व्यवस्था, स्टॉफ की उपलब्धता का भी संज्ञान लिया। निरीक्षण में संबंधित एसडीएम, कमिश्नर के वरिष्ठ निज सहायक हरेंद्र जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

■ मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

## हाइवा की ठोकर से मोपेड सवार तीन घायल, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

तेज रफ्तार हाइवा ने मोपेड को ठोकर मार दी। इस हादसे में मोपेड में सवार तीन लोग घायल हो गए। इनमें से दो लोगों को गंभीर चोट आई है।

मिली जानकारी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम रोहित विश्वकर्मा पिता बिशेषर 18 वर्ष, ग्राम धनोरा थाना केरेगांव सरजूराम साहू पिता रमेश्वर 18वर्ष केरेगांव व लोकनाथ नेता मपिता कोमल 19 वर्ष तीनों टेंट लगाने का काम करते हैं। सोमवार को तीनों मोपेड में सवार होकर टेंट के काम से शहर की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान नगरी रोड में ग्राम अछोटा स्थित पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार हाइवा के चालक ने मोपेड को जोरदार टक्कर मार दी। हाइवा की ठोकर से मोपेड सवार सड़क पर दूर जा गिरे। इस घटना में तीनों युवक घायल हो गए। दो युवकों के पैर में गंभीर चोट आई है। सूचना पर रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से दो घायलों को व एक घायल को संजीवनी 108 से जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में भर्ती कर युवकों का इलाज किया जा रहा है।



## आसमान पर छाये बादल तापमान 5 डिग्री गिरा

**धमतरी।** सोमवार को तापमान में 5 डिग्री की गिरावट आई है। आसमान में बादल छाने और नमीयुक्त हवाओं ने लोगों को भारी गर्मी से राहत दिलाई है। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी 2 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है। प्रदेश में मेघ गर्जन एवं अंधड़ चलने की गतिविधियां जारी रहेंगी। प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना है। वहीं एक दो स्थानों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। सिनोप्टिक सिस्टम में एक द्रोणिका दक्षिण छग से विदर्भ, मराठवाड़ा के ऊपर स्थित चक्रीय चक्रवात तक एवं कर्नाटक होते हुए दक्षिण केरल तक समुद्र तक से 0.9 किमी की ऊंचाई पर मौजूद हैं। आगामी दो दिनों के बाद गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा की स्थिति बन सकती है।

## राष्ट्रवाद की चिंता जो करेगा उसे एडजस्ट करने की जरूरत नहीं : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इससे एक दिन पहले सोमवार को भाजपाइयों ने प्रेसवार्ता ली।

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री पहली बार धमतरी आ रहे हैं। चुनावी सभा से बालोद जिला, चारामा, महासमुंद, राजिम, अभनपुर क्षेत्र के मतदाताओं को साधेंगे। 3 लाख से उपर लोग सभा में पहुंचेंगे। तैयारी अंतिम चरण पर है। प्रधानमंत्री का आगमन दोपहर 3 बजे होगा। श्री मोदी के आगमन से कार्यकर्ताओं और लोगों में उत्साह है। सभा में महासमुंद लोकसभा की प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी, कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग तथा रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल मौजूद रहेंगे।



**पीएम कार्यक्रम के लिए पुलिस ने बनाई पार्किंग व रूट चार्ट**


**मालवाहक वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित**

## अंबेडकर चौक से श्यामतराई बाईपास तक वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रधानमंत्री के श्यामतराई प्रवास के दौरान हाईवे सहित बाईपास में सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया है। वहीं पुलिस ने पार्किंग व रूट चार्ट बनाया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मंगलवार को जिले के ग्राम श्यामतराई में प्रवास हो रहा है। कार्यक्रम के लिए यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से 23 अप्रैल को सुबह 6 बजे से लेकर कार्यक्रम समाप्ति तक राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 अंबेडकर चौक से श्यामतराई बाईपास तक सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित रखा गया है। यात्री वाहनों के लिए रायपुर, धमतरी से कांकेर की ओर एवं कांकेर से धमतरी-रायपुर की ओर आने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया गया है। रायपुर से कांकेर की ओर जाने वाले यात्री वाहन संबलपुर बाईपास से श्यामतराई बाईपास होते कांकेर जायेंगे। दुर्ग से धमतरी एवं रायपुर की ओर आने-जाने वाले यात्री वाहन संबलपुर बाईपास से मुजगहन बाईपास होकर जाएंगे। इसी रूट से वाहन रायपुर व धमतरी शहर की ओर आएंगे। इसी तरह सभी प्रकार के मालवाहक वाहनों का मंगलवार की सुबह 6 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक शहर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। कांकेर की ओर से आने वाले मालवाहक वाहन गुरूर से बालोद होकर रायपुर की ओर जा सकेंगे। उड़ीसा-बोराई की ओर से आने-जाने वाले मालवाहक वाहन दुगली, मगरलोड, कुरूद होकर रायपुर जाएंगे।




### सभास्थल पर इन वस्तुओं पर लगा प्रतिबंध

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान सभास्थल पर बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, गुटखा व पान मसाला प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह चाकू, कैंची, कटर, नेलकटर, पिन, आलपिन, पेचकस आदि धारदार वस्तुएं बैन रहेगी। सभास्थल तक पानी बोतल, कोल्डड्रिंक्स कैन, सभी बोतलबंद ज्वलन सामग्री नहीं ले जा सकेंगे। खाने-पीने की चीज टिफिन, डिब्बा, थैला व काला कपड़ा को प्रतिबंधित किया गया है।

### पार्किंग में अपना वाहन खड़ा करेंगे

कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले व्हीआईपी के लिए निर्धारित पार्किंग एवं रूट व्यवस्था के तहत सभी व्हीआईपी संबलपुर बाईपास से अर्जुनी मोड़, सिहावा चौक, घड़ी चौक व अंबेडकर चौक होकर नई कृषि मंडी मोड़ के आगे बनाई गई पार्किंग में अपना वाहन खड़ा करेंगे। वापसी के दौरान श्यामतराई बाईपास से अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान करेंगे। वहीं शासकीय वाहनों के लिए पब्लिक प्रवेश द्वार एवं व्हीआईपी पार्किंग के पहले दायीं-बायीं पार्किंग व्यवस्था निर्धारित की गई है।

## 3860 अधिकारी-कर्मचारियों को 70 मास्टर ट्रेनरों ने दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 26 अप्रैल को लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी और कुरूद तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा में मतदाताओं द्वारा वोट डाले जायेंगे। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश पर पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 1, मतदान अधिकारी 2 और मतदान अधिकारी 3 के तीसरे चरण का प्रशिक्षण स्थानीय सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल और मेनोनाईट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मतदान सामग्री, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति, मतदाता पर्ची, मतदान सामग्री सीलिंग, मतदान पूर्व की तैयारी, एएसडी सूची, मतदान सामग्री सीलिंग, मतदान पूर्व की तैयारी, मतदान अभिकर्ता, ईवीएम को जोड़ना, मॉक पोल, सील करने की सामग्री, ईवीएम और वीवीपैट को सील करना सहित पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-1, मतदान अधिकारी क्रमांक-2 और मतदान अधिकारी क्रमांक-3 के दायित्वों की जानकारी दी गई।

**पेज 9 के शेष**

### ईसाई धर्म के व्यक्ति की...

विवाद शुरू हो गया और ग्रामीणों ने इसकी जानकारी परपा पुलिस को दी। सूचना के बाद परपा थाना प्रभारी दिलबाग सिंह व तहसीलदार तोकापाल दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों का कहना था कि मृतक ईसाई धर्म को मानता था तो उसके शव को हमारे श्मशान में नहीं दफनाना था, इसलिए शव को निकालकर ईसाई कब्रिस्तान में दफनाया जाए। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सुबह से शाम तक पुलिस व प्रशासनिक टीम दोनों पक्षों को समझाईश देती रही। लेकिन हिन्दु धर्म को मानने वाले जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों का कहना था कि जब तक परिवार की घर वापसी नहीं होगी, तब तक यहां शव को दफनाने नहीं दिया जाएगा। इसके बाद काफी समझाइश के बाद मृतक के परिजनों ने हिन्दू धर्म को मानने व घर वापसी के लिए सहमत हो गए, जिसके बाद विवाद का निपटारा हो सका। इस दौरान सुबह से शाम तक राजूर व कोयपाल में स्थिति को नियत्रंण में करने के लिए भारी संख्या में फोर्स की तैनाती कर दी गई थी।

### करोड़ों खर्च के बाद...

रही और करोड़ों रुपए हर साल पानी को साफ करने के लिए बहाते चले गए। यह भी सही है कि दलपत सागर के जीर्णोद्धार के नाम पर कई अफसरों और नेताओं के बैंक बैलेंस बढ़ गए। हरिभूमि ने मंगलवार को दलपत सागर का जायजा लिया। दलपत सागर के बीचों बीच शिव मंदिर है शहर की ओर के हिस्से में जलकुंभी कम है लेकिन मंदिर के उस पार धरमपुरा इलाके के हिस्से पूरी तरह जलकुंभी और घासपुस तथा जलीय पौधों से पट गए हैं। वर्तमान नगर प्रशासन का कार्यकाल भी 4 साल से अधिक हो चुका है। नगर सत्ता में कांग्रेस की महापौर सफीरा साहू जो अब भाजपा की हो गई है वहीं विधायक रेखचंद जैन समेत अनेक कद्दावर नेता रहे जिन्होंने भूपेश सरकार के समय तालाब के जीर्णोद्धार के लिए प्रयास किए। वहीं रमन सरकार के 15 साल के कार्यकाल में भी भाजपा के दो महापौर गीतेश मल्ल और किरण देव रहे। उसके बाद कांग्रेस के जतीन जायसवाल महापौर बने। उसके पहले संतोष बाफना नगर पालिका अध्यक्ष रहे फिर वे विधायक बने इस तरह सभी के कार्यकाल में दलपत सागर को जलकुंभी से मुक्त करने का कार्य किया गया लेकिन रिजल्ट वही है कोई प्रोग्रेस नहीं। हालांकि पूर्व कलेक्टर रजत बंसल और चंदन कुमार के समय सौन्दर्यीकरण का काम हुआ जो आज लोगों के मनोरंजन और घुमने फिरने के लिए अच्छी जगह बन गई है। दलपत सागर की ओर से धरमपुरा जाने वाले मार्ग में जो गंदगी था वह अब नहीं दिखता। लेकिन रात के समय धुप्प अंधेरा होने से सायकल और बाइक सवारों को खतरा रहता है। हरिभूमि ने नगर निगम से जुड़े कुछ जनप्रतिनिधियों से इस संबंध में चर्चा की।

### प्रोजेक्ट बनाकर मुख्यमंत्री...

रहा है। कुछ समय बाद स्थिति जस की तस हो रही है। जबकि लाखों, करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं अब प्रदेश में भाजपा की सरकार है इसके लिए प्रोजेक्ट बनाकर मुख्यमंत्री से चर्चा कर ठोस काम की शुरूआत करेंगे।

### कोटपाड़ तालाब की...

कर जलकुंभी हटाने का जो प्रयास सालों से चल रहा है उससे केवल पैसे की बर्बादी है।

### 75-80 लाख के वाहन...

जलकुंभी हटाने वाहन खरीदा गया है। जिसकी उपयोगिता नजर नहीं आ रही है। इस तरह पैसे की बर्बादी करने की बजाए स्थायी समाधान के लिए पहल करने की जरूरत है।

### मतदान को लेकर...

छाया, पेयजल सहित बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहा। मतदान दलों के लिए भोजन, चाय, नास्ता का प्रबंध बेहतर रहा है। जिसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों में सभी दायित्वों का तन्मयतापूर्वक निर्वहन किया। मीडिया में व्यापक प्रचार-प्रसार सहित सभी स्तरों पर सुनियोजित प्रबंध रहा। जिले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के चलते शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न होना बहुत बड़ी उपलब्धि है।

कलेक्टर पाण्डेय ने कहा कि बीजापुर जिले के विषम परिस्थिति के कारण मतदान की प्रतिशत हालांकि कम रहा, लेकिन सभी ने अपना बेहतर प्रयास किया। साप्ताहिक समय-सीमा के उक्त बैठक में विकास कार्यों से संबंधित समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, उप निदेशक इन्द्रावती टाईगर रिजर्व संदीप बल्गा, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण सभी अनुभाग के एसडीएम, तहसीलदार एवं सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।

### बीमा कंपनी देगी 13 ...

नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए ली जाती जो बीमित खतरों के कारण हो सकती है। बीमा कंपनी के द्वारा बीमा दावे का भुगतान न कर सेवा में कमी एवं व्यवसायिक कदाचरण किया गया है इसके लिए बीमा कंपनी को 10 हजार से दंडित किया गया है। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा उक्त आदेश पारित किया गया है।

### स्ट्रांग रूम की सुरक्षा...

का ध्यान रखने के निर्देश दिए। आईजी सुंदरराज ने पुलिस सेक्टर अधिकारी की तैनाती के साथ मतदान दलों की सुरक्षा के संबंध में पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलेसेला से चर्चाकर बेहतर क्रियान्वयन के लिए शुभकामनाएं दिए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर अरुण वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**विभागीय कामकाज के सम्पादन**–निर्वहन की सफलता को देखते हुए आगामी निर्वाचन के दौरान पूरे एक विधानसभा क्षेत्र में महिला अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा मतदान करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अधिकांश समय निर्वाचन कार्य में जाएगा। इसे मद्देनजर रखते हुए कम समय पर वर्किंग सीजन में सभी दायित्वों का निर्वहन करें। कलेक्टर मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। कलेक्टर ने निर्वाचन दायित्व के पश्चात अब विभागीय कामकाज के सम्पादन के लिए अधिकारियों को जुट जाने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग के कार्यालय में अब पूरा काम हो, इस दिशा में सम्बंधित कार्यालय प्रमुख अपने सभी अधिकारी-कर्मचारियों की कार्यालयीन समयावधि में उपस्थिति सुनिश्चित करें और विभागीय कार्यों के सम्पादन में अद्यतन प्रगति लाएं। उन्होंने पूर्व से संचालित निर्माण कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु वर्किंग सीजन में तेजी के साथ निर्माण कार्यों को संचालित करने तथा नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण कर खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्रियों के भंडारण एवं वितरण का जांच करने कहा। वहीं मनरेगा के तहत रोजगारमूलक कार्यों के संचालन पर बल देते हुए आवश्यकता के अनुरूप नये रोजगारपरक कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने खरीफ फसल सीजन की तैयारी हेतु बीज-खाद के भंडारण सहित किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ अखंड रामायण पाठ



**बीजापुर।** हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर नगर के फारेस्ट कालोनी में स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया गया। इसी कड़ी में सोमवार को सांध्यकाल से ही श्रद्धालु और भक्तजनों के द्वारा विशेषरूप से पूजा अर्चना की गई। वहीं मंगलवार को मंदिर के पुजारी और श्रद्धालुओं ने हनुमान मंदिर में अखंड रामायण का पाठ किया। सुबह चार बजे से भक्तजनों व मंडलियों के द्वारा मंदिर में यज्ञ-हवन पूजन-भजन कीर्तन कर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की गई। मंदिर के पुजारी अशोक मिश्रा ने बताया, कि हनुमान जी के जन्मोत्सव पर आज सुबह से ही मंदिर में अखंड रामायण कर यज्ञ हवन पूजन किया गया। सांध्यकाल में हनुमान जी की पूजा पाठ की जायेगी। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में विशेषरूप से भंडारा का आयोजन किया गया है।

## पूर्व सैनिक के स्वजनों का नेत्र विशेषज्ञों ने की जांच



**जगदलपुर।** पूर्व सैनिक कल्याण संगठन एवं ईसीएचएस पालीक्लिनिक के सयुंक्त तत्वावधान में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर शंकर फाउंडेशन आई हास्पिटल विशाखापटनम के नेत्र विशेषज्ञों ने आंखों की जांच की। उक्त शिविर में बस्तर जिले में निवासरत पूर्व सैनिक एवं उनके परिवार के साथ नागरिकों की जांच की गई। पूर्व सैनिक कल्याण संगठन (बस्तर संभाग) के संस्थापक एवं सचिव ललित जोशी ने बताया कि कैंप का शुभारंभ पालीक्लिनिक के इंचार्ज रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल एके ने किया। जिसमें शंकर फाउंडेशन के असिस्टेंट जनरल मैनेजर केवी वेणुगोपाल के नेतृत्व में नेत्र विशेषज्ञ डा. ऋषिता एवं डा. समृद्धि तथा आप्टोमेट्रिस्ट रत्नम राजू एवं अन्य चिकित्सक सहयोगियों के दल द्वारा नेत्र परिक्षण शिविर को सफल बनाया गया। शिविर में 120 मरीजों के आंख की जांच की गई। सचिव ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची माधव सेवा है। इसलिए भविष्य में संगठन की योजना है, कि ऐसा शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में भी आयोजित किया जाएगा।

### देवता का दर्शन महिलाएं साल में कर सकते है केवल तीन दिन

# चिकटराज मेला में शामिल हुए दूरदराज के देवी-देवता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

चिकटराज मंडई मेला मंगलवार को सम्पन्न हुआ। नगर के भट्टीपारा में चिकटराज देवता का मंदिर स्थापित है। यहां प्रतिवर्ष चैत्र माह में चिकटराज समिति के द्वारा चिकटराज देवता का मंडई मेला आयोजन किया जाता है।

■ देवतुल्य चिकटराज का मेला सम्पन्न





चिकटराज मंदिर के पुजारी सागर ने बताया कि रविवार को यहां दूरदराज से देवी-देवता गुज्जा देव, मारा देव, कनपराज, पोतराज, तुलडोकरी, नंगाभीमा, कंछीबारम निलबराज, हिरमा राज देव, उरो पोई भीमराज, चिन्नामारा पेद्दामारा, हुंगागुंडो, काटूराल, हिरमा गुंडो, हडमा राज, पिडगा राज के अलावा बमडा भोगराज पहुंचे। मंदिर के पुजारी सागर ने यह भी बताया कि उनकी विधि-विधान के साथ पूजा पाठ की जाती है। दूरदराज से आये सभी देवी-देवताओं का मेल मिलाप के पश्चात हमारे आराध्य देव चिकटराज देवता के मंदिर के सामने मेला मंडई का आयोजन किया जाता है। यहां सुबह से ही श्रद्धालु अपनी मनोकामना के साथ मंदिर में पहुंचते है। मंदिर के सामने श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है और देर शाम तक पूजा-पाठ का दौर चलता रहता है। वहीं मंडई मेले में चिकटराज देवता के दर्शन के लिए महाराष्ट्र, तेंलगाना, ओड़िशा से श्रद्धालु पहुंचते है। इस मंडई मेले में धमतरी, कांकेर, जगदलपुर, गीदम दन्तेवाड़ा से व्यापारी मुख्य रूप से आते है। नगर के पार्षद नंदकिशोर राणा ने बताया कि चिकटराज देवता हमारे आराध्य देव है। यहां प्रतिवर्ष चैत्र माह में ही पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-पाठ की जाती है।

यह मंडई मेला तीन दिनों तक मनाया जाता है, यहां रविवार से ही दूरदराज के देवी-देवताओं का आगमन होता है। सोमवार से सभी देवी-देवताओं की पूजा पाठ कर मंगलवार को सभी दूरदराज से आयें देवी- देवताओं का मेल मिलाप के पश्चात चिकटराज देवता के प्रागंण में मंडई मेला का आयोजन किया जाता है, बुधवार को देवी-देवताओं को विदाई दी जाएगी। चिकटराज देवता का दर्शन खासतौर से महिलाएं साल में तीन दिन ही कर सकते है, बाकी दिनों में चिकटराज देवता का दर्शन करना महिलाओं के लिए वर्जित रहता है।

## प्रतिबंधित माओवादियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जाएगा, शीघ्र आत्मसमर्पण करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बीजापुर जिले में माओवाद के विरूद्ध सघन अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके चलते नक्सली बौखलाहट के कारण आम नागरिकों और बेकसूर और मासूम लोगों को क्षति पहुंचाने में निरंतर प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में जिला कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने नक्सलियों को प्रतिबंधित माओवादी विचार धारा एवं हथियार छोड़कर आत्म समर्पण करने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि अभी भी समय है, विदेशी विचार धारा को छोड़ कर अपने और अपने आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए आत्म समर्पण करें और नई पुनर्वास नीति के तहत उनको पुनर्वास किया जाएगा। जो लोग पूर्व में आत्म समर्पण किए हैं, आज वे लोग मुख्य धारा में जुड़कर बेहतर जीवन जी रहे हैं और अपने परिवार अपने बच्चों के सुखद भविष्य की ओर अग्रसर हैं।



आज जो शिक्षा स्वास्थ्य और विकास से ग्रामीणों को दूर रख कर है, वह स्वयं उच्च शिक्षित है। लैपटॉप, कम्प्यूटर और उच्च तकनीकी का ज्ञान रखते हैं। नक्सलियों के प्रेसनोट में जो किसी शहरी क्षेत्र में बना दिखता है, में शुद्ध हिन्दी, बिना किसी व्याकरण एवं वर्तनी त्रुटि के देखा जा सकता है और वहीं लोग बीजापुर की एक पीढ़ी को शिक्षा से वंचित करने का पाप किया है। यह विकास विरोधी तत्व बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास से ग्रामीणों को दूर रखकर अपने नापाक मसूंबों की पूर्ति के लिए सुनियोजित ढंग से आतंक कर रहे हैं, इसका अंत तय है। जिस तरह उनके द्वारा लगाए आईईडी ब्लास्ट से बीजापुर के बेकसूर और मासूम ग्रामीण आदिवासी तथा पुलिसकर्मी मारे जा रहे हैं, वह घोर निंदनीय है। इसका खामियाजा उनको भुगतना पड़ेगा और अरबन नक्सलियों के खिलाफ भी कार्रवाई तेज किये जाएंगे। बीजापुर की भोली-भाली जनता इनके नापाक मंसूबों को समझ चुकी है और विकास की ओर अपना कदम बढ़ा रही है। इसका ताजा उदाहरण दो बार नक्सली बंद के आह्वान को आम जनता ने सिरे से नकार दिया। लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा निर्वाचन 2024 में भी लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी आस्था व्यक्त की है।

## नानगुर मंडल प्रभारी ने माना आभार

**जगदलपुर।** बस्तर लोकसभा चुनाव निर्विघ्न संपन्न होने पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष एवं नानगुर मंडल प्रभारी रजनीश पाणिग्रही ने मतदाताओं, क्षेत्रवासियों व चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों, अधिकारियों, पुलिस बल, सुरक्षा कर्मियों और पार्टी के कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग व अथक परिश्रम से प्रथम चरण में छत्तीसगढ़ में सर्वप्रथम बस्तर लोकसभा चुनाव बिन बाधा सफलता पूर्वक पूर्ण हुआ है। बस्तर अंचल के सभी निवासी, मतदाता, कर्मचारी, सुरक्षा कर्मी, सभी भाजपा कार्यकर्ता बधाई व धन्यवाद के पात्र है।



## कोत्तूर, तारलागुड़ा गांव में किसी भी तरह की महामारी नहीं : सीएमएचओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

सीएमएचओ डॉ. पुजारी ने दो लोगों की अज्ञात बीमारी के खबर के संबंध में बताया कि तारलागुड़ा में किसी भी प्रकार की महामारी नहीं फैली है। दो लोगों की मौत के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि 18 वर्षीय एक महिला जिसे बुखार, खांसी और पेट में दर्द की शिकायत थी 1 मार्च 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तारलागुड़ा में भर्ती हुई थी। जिसे प्राथमिक उपचार उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भोपालपटनम रिफर कर दिया गया था। आशानुरूप स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने के कारण उसे बेहतर उपचार हेतु 4 मार्च को जिला चिकित्सालय बीजापुर में भर्ती किया गया था। फेफड़ों में इन्फेक्शन एवं खून की कमी से ग्रसित होने के कारण संबंधित को एक यूनिट खून चढ़ाया गया था, स्वास्थ्य में सुधार होने पर उनके द्वारा निवेदन किये जाने पर 8 मार्च को उसे जिला चिकित्सालय बीजापुर से डिस्चार्ज किया गया था। 27 मार्च को पुनः उक्त महिला का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उनके परिजनों के द्वारा उसे महात्मा गांधी मेमोरियल अस्पताल वारंगल तेलंगाना में भर्ती कराया गया था। जहां ईलाज के दौरान 16 मार्च को उसकी मृत्यु हुई। महात्मा गांधी मेमोरियल अस्पताल वारंगल से प्राप्त रिपोर्ट उनुसार उसे फेफड़ों में इन्फेक्शन एवं खून की कमी तथा जन्मजात बीमारी से ग्रसित थी एवं गले में कैंसर की संभावना भी व्यक्त की गई थी। वहीं एक अन्य व्यक्ति जो तारलागुड़ा में अकेला ही रहता था और अक्सर ड्रिंक किया करता था और वह मिर्गी बीमारी से ग्रसित था। जिसकी 15 अप्रैल को स्वयं के घर में ही मृत्यु होने की जानकारी मिली है। ज्ञात हो कि विगत 1 माह से ग्राम कोत्तूर तारलागुड़ा में अज्ञात बीमारी फैलने की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसके उपरांत स्वयं सीएमएचओ डॉ. बीआर पुजारी एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी भोपालपटनम के द्वारा 16 अप्रैल को उक्त ग्राम एवं अस्पताल का भ्रमण किया गया एवं उचित कार्यवाही का निर्देश दिया गया। तत्पश्चात 18 अप्रैल को खण्ड चिकित्सा अधिकारी भोपालपटनम के देखरेख में सम्पूर्ण कोत्तूर तारलागुड़ा गांव के समस्त घरों का सर्वे किया गया। जिसमें बीमार व्यक्तियों का मलेरिया, डेंगू जांच हेतु सेम्पल लिया गया एवं संभावित मरीजों का उपचार किया गया।



## हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ भंडारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर करंदोला भानपुरी में बड़े ही धूम धाम से जन्मोत्सव मनाया गया। जिम परिसर में महाबली हनुमान की पूजा अर्चना कर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

पूजा अर्चना के पश्चात सिविल अस्पताल भानपुरी में फल एवं प्रसाद वितरण किया गया। संध्या में भंडारा का आयोजन कर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संतोष बघेल, भूषण गुप्ता, कृष्णा साहू, लोकेश पांडे, राजू तिवारी, रवि नामदेव, संजय तिवारी, उमाकांत कश्यप, गजेंद्र सिंह ठाकुर, पुरुषोत्तम नेताम, राकेश जैन, अरविंद वर्मा, खुलेश्वर कश्यप, अंजन मिस्त्री, छबील ठाकुर, तरुण बघेल, श्रेयांश जैन, प्रभांशु शर्मा, रितेश तिवारी, आदित्य तिवारी एवं ग्राम के युवाओं के द्वारा किया गया।

## उप जेल में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण



**बीजापुर।** जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. अरविंद मरावी के निर्देशानुसार डॉ. सीताराम जेना, डॉ. ज्ञानेन्द्र परिहार, डॉ. ज्योति प्रकाश प्रधान सहित आयुष विभाग के टीम ने उप जेल बीजापुर में निरूद्ध बंदियों का स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधी प्रदान किया। उक्त शिविर के माध्यम से कुल 144 निरूद्ध बंदियों को योग प्राणायाम करवाया गया। योग एवं प्राणायाम का महत्व बताया गया। साथ ही 40 बंदियों का स्वास्थ्य जांच कर औषधी प्रदान किया गया।

## जनहित से सरोकार रखने वाले निर्माण कार्यों को समय पर करें पूर्णः कलेक्टर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट के संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन-2024 में शांतिपूर्ण ढंग से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया संपन्न करने के लिए संबंधित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई सहित आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चूंकि अभी भी आदर्श आचार संहिता जारी है, अतः कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय ना त्यागे। इसके अलावा इस अवधि में जनहित से जुड़े निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में विभागीय एजेंडा के कार्यों की प्रगति के बारे में जानना चाहा और चल रहे कार्यों को त्वरित गति से प्रगति लाने की बात भी कहीं।

■ शांतिपूर्ण स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सम्पन्न करने के लिए माना आभार

बैठक में कलेक्टर ने जिला खनिज न्यास निधि अंतर्गत चल रहे, निर्माण कार्यों एवं पीएमजीएसवाय के निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए पूर्व में संचालित कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली और कहा कि जो भी निर्माण कार्य पूर्व में संचालित किए गए थे। उसमें प्रगति लाकर द्रुत गति से कार्यों को पूर्ण करें। इसके अलावा उन्होंने आवास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों से कहा कि ग्राम पंचायतों के माध्यम से हितग्राहियों से संपर्क कर आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाएं। इसके अलावा बैठक में जन शिकायत, जन दर्शन, संपर्क तथा अन्य प्रकार की शिकायत संबंधी पोर्टल दर्ज प्रकरणों के त्वरित निराकरण कर फाइलों को तत्काल विलोपित करने के संबंध में भी निर्देश दिए गये। इस दौरान कलेक्टर ने नगर पालिका परिषद बचेली के शौचालय संबंधी शिकायत को गंभीरता से लेकर नगर पालिका सीएमओ को जल्द से जल्द अच्छे गुणवत्ता युक्त शौचालय निर्माण के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पीएचई तथा नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत अप्रैल एवं मई में हितग्राहियों को पेयजल संबंधी कोई भी समस्या नहीं होनी चाहिए। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम जयंत नाहटा सहित सभी विभागीय प्रमुख अधिकारीगण उपस्थित थे।

## शिल्पी ने हर्षोल्लास से मनाया बांग्ला नववर्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शिल्पी सांस्कृतिक संस्था ने बांग्ला नव वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं द्वारा शंख और उल्लू ध्वनि से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र कांत सांघाणी ने अपने उद्बोधन में लंबे समय से चले आ रहे शिल्पी संस्था के गतिविधियों की प्रशंसा की एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। मैत्री संघ के अध्यक्ष दीपक घोष एवं उपाध्यक्ष देवव्रत ने पुष्पगुच्छ से शिल्पी संस्था के अध्यक्ष सुबीर नंदी, उपाध्यक्ष सुधीर मंडल, महासचिव संजीव सील एवं कोषाध्यक्ष हरि माधव दास का स्वागत किया।

शिल्पी संस्था के कानूनी सलाहकार संजय जयसवाल अधिवक्ता का शिल्पी परिवार ने स्वागत किया। कुमारी लवी मंडल व हर्षिता दास कविता तथा कनिष्का चक्रवर्ती ने नृत्य प्रस्तुत किया। हरि माधव दास, सुधीर मंडल एवं इंद्राणी नंदी ने कविता पाठ किया। संजीव, दिशांत चक्रवर्ती, डॉ. तम्मा, श्रीमती संगीता, श्वेता विश्वास, देवव्रत, संतोष पाल, राहुल विश्वास ने गाने की प्रस्तुति दी।

शंख ध्वनि और उल्लू ध्वनि श्रीमती अर्चना दास, इंद्राणी नंदी, सोमा मंडल, श्रीमती चक्रवर्ती, श्रीमती सरकार एवं संगीता ने किया। संस्था के संरक्षक डॉ. संजय ने सभी का आभार माना। सुबीर नंदी ने स्वागत भाषण कविता के माध्यम से बांग्ला और हिंदी में दिया। संचालन दिशांत चक्रवर्ती ने किया। इस दौरान नगर के प्रबुद्ध जनों एवं मातृशक्ति की बड़ी उपस्थिति रही।

## प्रकृति को समर्पित सरहुल पर्व की तैयारी जोरों पर



श्याम करकू ▶▶| बीजापुर

नए साल के आगमन के साथ मनाए जाने वाले आदिम त्योहार सरहुल की तैयारियां शुरू हो गई है। बीजापुर में लंबे समय से निवासरत उरांव, कंवर और मुंडा जनजाति के लोग इसकी तैयारी में जुट गए हैं। यह एक तरह से बस्तर में प्रचलित बीज पंडूम की तरह इन जनजातियों का त्योहार है।

सरहुल मध्य-पूर्व भारत के आदिवासी समुदायों का एक प्रमुख पर्व है। यह छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम और मध्य भारत के आदिवासी क्षेत्रों में मनाया जाता है। इस पर्व को मुख्य रूप से मुण्डा, भूमिज, हो, संथाल, कंवर और उरांव आदिवासियों द्वारा मनाया जाता है, यह उनके महत्वपूर्ण उत्सवों में से एक है। यह उत्सव चैत्र महीने के तीसरे दिन, चैत्र शुक्ल तृतीया को मनाया जाता है। यह नए साल की शुरूआत की निशानी है। इस वार्षिक उत्सव को बसंत ऋतु के दौरान मनाया जाता है और इसमें पेड़ों और प्रकृति के अन्य तत्वों की पूजा शामिल होती है। इस समय साल पेड़ों में फूल आने लगते हैं।

### सखुआ वृक्ष का होता है खास महत्व

मध्य-पूर्व भारत के स्थानीय जनजातियां नए साल के आगमन पर सरहुल पर्व पूरे धूम-धाम के साथ मनाते है। जो देशज महीने चैत्र से शुरू होकर बैसाख और जेस्ट महीने तक सुविधानुसार मनाई जाती है। पहले सरना पूजा की जाती है। उरांव समाज द्वारा सरना (सरहुल) चैत्र पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस पर्व में साल अर्थात सखुआ वृक्ष का खास महत्व होता है। आदिवासियों की परंपरा के अनुसार इस पर्व के बाद नए फसल के लिए बीज बोवाई शुरू हो जाती है। समाज प्रमुख बताते हैं कि सदियों से चली आ रही इस परंपरा को आदिम समाज धार्मिक नियम धर्म से निभाते आ रहे हैं। आदिवासी जंगलों से जुड़े होते हैं, और प्रकृति के काफी नजदीक होते हैं। सरहुल के दिन से आदिवासी समाज कृषि का कार्य शुरू करते हैं। इस दिन से ही नई फसलों के बोवाई का काम शुरू किया जाता है। इस दिन पारंपरिक बैगा अकाल या अच्छी बारिश की भविष्यवाणी भी करते हैं।

### धरती माता से करते हैं प्रार्थना

उरांव समाज प्रमुख फोचेराम भगत ने बताया कि हम आदिवासी समाज के लोग धरती माता की पूजा करते हैं। भगवान और धरती माता से प्रार्थना करते हैं, ताकि धरती पर मौजूद समस्त प्राणी और पेड़ पौधे स्वस्थ रहें। सभी जीव जंतुओं को दाना पानी मिलता रहे। बारिश ठीक से हो, ताकि हम खेती बाड़ी कर सकें।

## राम आएंगे फेम स्वस्ति मेहुल को भायी बस्तर की नैसर्गिकता



**जगदलपुर।** भारतीय गायिका-गीतकार और मल्टी-इंस्ट्रुमेंटलिस्ट मुंबई की स्वस्ति मेहुल हनुमान जयंती के अवसर पर एक दिन के लिए बस्तर प्रवास पर पहुंची। शहर के मशहूर व्यवसायी ग्रुप सोमानी एवं बोथरा परिवार की ओर से उनके नए प्रोजेक्ट वाटरफ्रंट प्रांगण में हनुमान जयंती के अवसर पर मंगलवार को राम आऐंगे फेंम की सिंगर स्वस्ति मेहुल का लाईव प्रोग्राम रखा गया है। कार्यक्रम से पहले हॉटल अविनाश में सिंगर मेहुल पत्रकारों से रूबरू हुई और उन्होनें कहा कि वह विभिन्न प्रकार की संगीत शैलियों को सुनते हुए बड़ी हुईं, लेकिन यह लोक संगीत ही था जिसने उन पर सबसे गहरा प्रभाव डाला। उन्हे बस्तर की नैसर्गिकता बेहद भा गई इसीलिए आयोजकों के बुलावे पर वो एक बार में आने को तैयार हो गई। स्वस्ति ने पिछले कुछ वर्षों में कई एकल रिलीज किए हैं, जिनमें उनका पहला एकल 'आज ना छोड़ेंगे' भी शामिल है, जो श्रोताओं के बीच तुरंत हिट हुआ। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं पर अन्य कलाकारों के साथ भी सहयोग किया है, जिसमें प्रसिद्ध बॉलीवुड संगीतकार प्रीतम के साथ एक लघु फिल्म साउंडट्रैक भी शामिल है। वर्तमान परिदृश्य में स्वस्ति मेहुल का गाया गीत राम आऐंगे आऐंगे राम आऐंगे ... काफी लोकप्रिय है जिसे पीएम मोदी ने एक्स पर शेयर भी किया है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

## हाइवा की ठोकर से मोपेड सवार तीन घायल, दो गंभीर

**धमतरी।** तेज रफ्तार हाइवा ने मोपेड को ठोकर मार दी। इस हादसे में मोपेड में सवार तीन लोग घायल हो गए। इनमें से दो लोगों को गंभीर चोट आई है। मिली जानकारी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम रोहित विश्वकर्मा पिता बिशेषर 18 वर्ष, ग्राम धनोरा थाना केरेगांव सरजूराम साहू पिता रमेश्वर 18वर्ष केरेगांव व लोकनाथ नेता मपिता कोमल 19 वर्ष तीनों टेंट लगाने का काम करते हैं। सोमवार को तीनों मोपेड में सवार होकर टेंट के काम से शहर की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान नगरी रोड में ग्राम अछोटा स्थित पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार हाइवा के चालक ने मोपेड को जोरदार टक्कर मार दी। हाइवा की ठोकर से मोपेड सवार सड़क पर दूर जा गिरे। इस घटना में तीनों युवक घायल हो गए। दो युवकों के पैर में गंभीर चोट आई है। सूचना पर रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से दो घायलों को व एक घायल को संजीवनी 108 से जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में भर्ती कर युवकों का इलाज किया जा रहा है।

## मतदान सभी का मौलिक और संवैधानिक अधिकार : प्रीतम

**धमतरी।** भाजपा महामंत्री प्रीतम साहू ने देश के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्र हित, विकसित भारत, भारत को विश्व गुरु बनाने, भारत को विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए मतदान अवश्य करें। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के महापर्व में सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर ही रखी जाती है। मतदान सभी का मौलिक और संवैधानिक अधिकार है। एक अच्छे समाज और राष्ट्र की स्थापना के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें।

### नियद नेल्लानार योजना से माओवाद प्रभावित क्षेत्र बस्तर की बदल रही सूरत

# जहां बिजली नहीं पहुंच पा रही उस क्षेत्र में क्रेडा सोलर ऊर्जा से कर रहा रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





नियद नेल्लानार योजना (आपका अच्छा गांव योजना) अंतर्गत राज्य के माओवाद प्रभावित बस्तर संभाग के सर्वांगीण विकास पर क्रेडा महत्वपूर्ण पहल कर रहा हैं। इस योजनांतर्गत सुकमा, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा एवं नारायणपुर जिले के 21 कैम्पों में सम्मिलित 86 ग्रामों में विभागीय योजनाओं के आवश्यकताओं के अनुसार क्रियान्वन किये जाने संबंधी कार्यवाही की जा रही है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि इस योजना में इन जिलों के 86 ग्रामों में क्रेडा की वर्तमान चलित योजनाओं से सौर सुजला योजना से 380 सौर सिंचाई पंप, जल जीवन मिशन से 136 सौर पेयजल पंप, चौक चौराहों में 93 सोलर हाई मास्ट संयंत्र एवं अविद्युतीकृत घरों के विद्युतीकरण के लिए 3 सोलर पावर प्लांट एवं 1219 सोलर होम लाईट संयंत्र की स्थापना सम्मिलित है। नियद नेल्लानार योजना के तहत बनाए गए कार्ययोजना पर लगभग 55.53 करोड़ का कार्य किया जायेगा।

इस कार्ययोजना पर कार्य करते हुए ग्राम सिलगेर में 15 सोलर होमलाईट की स्थापना पूर्ण कराते हुए विद्युतीकरण कार्य कराए जाने के साथ ही ग्रामों के प्रत्येक परिवार को 5 एलईडी लाईट, एक पंखा एवं मोबाईल चार्जिंग प्रदान कर लाभान्वित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त ग्राम सिलगेर के ही इत्तापारा आंगनबाड़ी-2 तथा पटेलपारा आंगनबाड़ी-1 में सौर संयंत्र क्षमता 600 वॉट सहित टी.वी. स्थापित किया जा चुका है, जिससे ग्रामवासियों को देश दुनिया की खबर, मनोरंजन एवं मुख्यधारा की जानकारी आदि से दिनचर्या, जीवनशैली में बदलाव हो रहा है। साथ ही गांव में निवासरत परिवार के बच्चों को सोलर होमलाईट के माध्यम से पढ़ाई करने में व अन्य कार्यों में सहायता मिल रही है।

## अभाविप एवं एनसीसी के विद्यार्थियों ने मनाया पृथ्वी दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं एवं शासकीय तकनीकि महाविद्यालय के एनसीसी विद्यार्थियों ने मिलकर नुक्कड़ नाटक पर्यावरण जागरुकता के माध्यम से पृथ्वी दिवस मनाया। एनसीसी प्रभारी वंदना झांगड़े ने कहा कि हर साल 22 अप्रैल के दिन पृथ्वी दिवस मनाया जाता है और इस दिन को इंटरनेशनल मदर अर्थ डे के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद पर्यावरण से होने वाले खतरों के प्रति लोगों को जागरूक करना है और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करना है। कैसे वे पृथ्वी को प्रदूषण, ग्लोबल वॉर्मिंग, पानी की कमी और अन्य संकटों से बचाने में एक अहम भूमिका निभा सकते हैं। भूस्खलन और प्रदूषण के कारण पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान पहुंचता है। इस दौरान प्राचार्य डॉ. खरे, अश्विन, प्रशांत, कुनाल, एनसीसी एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकगण समेत अभाविप के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता की दरकार

अभाविप प्रदेश सहमंत्री शैलेष ध्रुव ने कहा कि पृथ्वी दिवस के रूप में समाज तक पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके और वैश्विक जलवायु संकट को स्वीकार कर सकें। ऐसे में यदि व्यक्ति अपने स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का प्रण ले तो पृथ्वी फलती-फूलती रहेगी।

### हनुमान जन्मोत्सव पर नए हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

## पूजा, हवन, आरती के साथ महाभण्डारा में उमड़े श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के भैरमदेव वार्ड स्वीमिंग पूल के समीप नए हनुमान मंदिर में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान के साथ किया गया। आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुभ मुहर्त पर पूजा किया गया। मनोज जंगम और उनके परिवार के प्रयास से हनुमान मंदिर स्थापित किया गया। प्राण प्रतिष्ठा पूजन, हवन, आरती पश्चात भण्डारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मलित हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में वार्डवासियों और श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। नए मन्दिर के ऊपरी कलश पर ध्वज लगाया गया। पं. त्रिपाठी के मुताबिक वार्ड निवासी मनोज जंगम काफी पहले हनुमान मंदिर स्थापना का संकल्प लिया था। बरगद वृक्ष के समीप दक्षिण मुखी हनुमान की मूर्ति का आज विभिन्न औषधियों से स्नान कराया गया। तत्पश्चात अधिवास पूजा कर विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा की गई। उन्होंने बताया भगवान का षोडपचार पूजन के साथ शुद्ध चमेली के तेल और सिंदूर का श्रृंगार कर चढ़ाया गया और हवन, आरती की गई। हवन आरती पश्चात केले के पत्ते पर अन्न भोग प्रसाद का भण्डारा हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मलित हुए अंत में पूर्णाहुति की गई। हवन में प्रकाश रावल परिवार के साथ तथा जंगम परिवार के लोग शामिल थे।

- **आचार्य पंडित के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से की गई पूजा**

## भाजपा का ब्रह्मास्त्र है लाभार्थी सम्पर्क अभियान : बाजपेयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण का मतदान निर्विघ्न सम्पन्न होने के बाद प्रत्याशियों का भाग्य ईव्हीएम में कैद हो चुका है। भाजपा नेतृत्व ने लाभार्थी सम्पर्क अभियान को माध्यम बनाया है। इस अभियान को निर्धारित मापदण्डों के आधार पर पूरा किया जा रहा है। भाजपा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र बाजपेयी ने जारी बयान में कहा कि लक्ष्य को पाने लाभार्थी सम्पर्क अभियान ब्रह्मास्त्र साबित होगा। मोदी सरकार के प्रति जनता के विश्वास और लोकप्रियता का आधार उनकी जनकल्याणकारी योजनाएं हैं। इन्हीं योजनाओं के करोड़ों लाभार्थी परिवारों से सीधा संपर्क करने की योजना ही लाभार्थी सम्पर्क अभियान है। 25 लाख प्रमुख कार्यकर्ताओं के जरिए करीब साढ़े 7 करोड़ लाभार्थी परिवारों तक पहुंचने का पार्टी ने रोडमैप बनाया है। एक नेता को 20 से 40 लाभार्थियों से सम्पर्क करना था। लोकसभा चुनाव में उनका समर्थन जुटाने के लिए 25 फरवरी से 5 मार्च तक विशेष अभियान चुनाव अवधि तक चलेगा। इस अभियान में जवाहर नगर वार्ड के प्रभारी के रूप में अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि मैंने अपने सहयोगियों वार्ड पार्षद धनसिंह नायक, तेजनारायण दुबे एवं दिनेश केजी के साथ लाभार्थियों से सम्पर्क कर उन्हे पीएम मोदी का पत्र सौंपा और उनके घरों पर स्टीकर लगाया, लाभार्थी से चर्चा कर उनके अनुभव सहित परिवार के साथ फोटो लेकर उसे सरल एप में अपलोड किया गया। अपलोड फोटो का सत्यापन लाभार्थियों के निजि मोबाइल पर नई दिल्ली स्थित कंट्रोल रूम से प्राप्त ओटीपी प्रेषित करने पर ही होता है। इस अभियान की प्रमुख विशेषता यह है कि यह डिजिटल भारत का डीजिटल सम्पर्क अभियान है। लाभार्थियों से सम्पर्क कर उनके सत्यापन के बाद ही यह अभियान पूरा होता है।

### पारावासी पानी के लिए परेशानी से जूझ रहे

# बड़े चकवा में दम तोड़ रही नल-जल योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत बड़े चकवा में प्रधानमंत्री नल-जल मिशन योजना के अंतर्गत घर-घर नल के कनेक्शन देने की योजना धरातल से गायब होकर मूल उद्देश्यों से भटक गई है। प्रधानमंत्री की नल-जल योजना अब नल-नल योजना बन कर रह गई है, क्योंकि घर-घर नल है ना चेंबर, बस पाइप लाइन लगी हैं। करोड़ों रुपये की लागत से बड़े चकवा में नल-जल योजना के माध्यम से हर घर नल कलेक्शन दिए गए। इन कनेक्शनों पर मीटर भी नहीं लगाए गये है। कहने को तो ठेकेदार ने हर गली मोहल्ले की सड़क खोद कर पाइप लाईन बिछा दी है। लेकिन जिन वार्डों में लाईन बिछाई गई है, उन सभी वार्डों में एक साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी नवीन नल-जल योजना से सप्लाई शुरू तक नही हो सकी, ना ही टंकी का निर्माण किया गया है। भीषण गर्मी के दौर में बड़े चकवा की जनता पानी के लिए भारी परेशानी से जूझ रही है। बड़े चकवा के डेंगगुड़ा, मारीगुड़ा, गोटलागुड़ा, मांझीपारा, बाजार पारावासियों को गंभीर पेयजल समस्या से जूझना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में पानी की समस्या को देखते हुए सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च कर नल-जल योजना के तहत घर-घर नल लगाए हैं। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना का लाभ धरातल पर ग्रामीणों को नही मिल पा रहा है। ग्राम पंचायत बड़े चकवा में 2 टंकी बनने का हैं, जिसकी आबादी लगभग 500 से 600 है।

इस विषय ग्राम पंचायत बड़े चकवा के वार्ड पंच पूरन सिंह कश्यप ने बताया कि, कुएं के पास नल-जल योजना नाम मात्र के लिए है, पानी के लिए लोग दूर दूर भटक रहे हैं। गर्मी के दिनों में ही यहां के ग्रामीणों को पानी की समस्या होती है, पूरे वर्ष पानी की समस्या से ग्रामीण खासे परेशान रहते है। गांवों में पेयजल की गम्भीर समस्या है, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी ग्रामीण अपने-अपने स्तर से पानी की जुगत में लगे है। डेंगगुड़ा पारा में चेंबर बनाने में डुप्लीकेट सीमेंट का उपयोग करने और कम मात्रा में सीमेंट देकर कार्य किया गया है। गुणात्मक सुधार लाने को कहा तो कार्य में गुणात्मक सुधार नहीं हुआ है जिससे पता चलता है कि भ्रष्टाचार चरम पर है। जिनमें से 80 प्रतिशत से ऊपर नल जल योजना के काम बंद पड़े हैं और 10 प्रतिशत ही चेंबर बनकर तैयार हैं। इधर मारीगुड़ा सोलर पम्प से खराब पानी आने के कारण ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए दूसरे गांव पराली जाना पड़ रहा है।

पूरन सिंह कश्यप ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत पीएचई विभाग के द्वारा मारीगुड़ा में सोलर टंकी का निर्माण कराया गया है, लेकिन सोलर टंकी का कनेक्शन जिस हैंड पंप से जोड़ा गया है, उस हैंड पंप में लगा पम्प खराब पड़ा है। जिसकी शिकायत पीएचई विभाग और सोलर पम्प विभाग को किया गया। लेकिन कोई भी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## टेकरी वाले हनुमान मंदिर में धूमधाम के साथ मनाई गई हनुमान जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के टेकरी वाले हनुमान मंदिर में मंगलवार से दो दिवसीय हनुमत जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। आज प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में हनुमान का तीर्थ जल स्नान अभिषेक पुजन आरती कार्य किया गया। प्रातः 7:30 बजे हनुमान चालीसा, हनुमान अष्टक, बजरंग वंदना का पाठ करते हुए पूर्ण विधि-विधान से चोला अर्पण किया गया। प्रातः 9 बजे से अखंड सुंदरकांड रामायण का पाठ भक्तों द्वारा किया गया, जो अगले दिन सुबह 11 बजे तक जारी रहेगा। जन्मोत्सव में सांय 7:30 बजे भक्तों द्वारा 1100 दीपक प्रज्वलित कर हनुमान को अर्पण किया गया। बुधवार को अखंड सुंदरकांड रामायण की समाप्ति पश्चात हवन एवं आरती पश्चात महाभंडारा का कार्यक्रम होगा। पं. नारायण प्रसाद जोशी द्वारा विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा विधान किया गया। भगवान हनुमान को भोग प्रसाद में लड्डू, मीठा चढ़ाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मलित हुए।

